## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार के अंतर्गत 32 आवेदकों को मिला ड्राइविंग लाइसेंस

**सूरजपुर।** सुशासन तिहार के अवसर पर जिले में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का कार्य तीव्रता से किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सूरज कुमार प्रजापति एवं धनेश्वर ने जिला परिवहन अधिकारी द्वारा लाइसेंस प्रदान किया गया। परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि आवेदक प्रतिदिन कार्यालय पहुंचकर सभी आवश्यक औपचारिकताएं समय पर पूर्ण कर रहे है, जिसके चलते उन्हें तत्काल ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के अंतर्गत अब तक लगभग 32 आवेदकों ने शासन की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण कर ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त किया है।



### सुनील कुमार पलसकर को मिली पीएचडी की उपाधि

**अम्बिकापुर।** आईएसबीएन विश्वविद्यालय द्वारा सुनील कुमार पलसकर को इन्फॉर्मेशन टेक्नालॉजी में उनके शोध प्रबंध इफेक्टीव ई-लर्निंग सिस्टम विथ इन्वेन्टिव वेब बेस्ड टेक्नोलॉजी विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने डॉ.आभा महलवार के मार्गदर्शन में अपना शोधकार्य पूरा किया। सुनील पलसकर वर्ष 1995 से नियोटेक संस्थान का संचालन कर रहे है। उन्होंने वर्ष 1995 में सरगुजा संभाग में प्रथम कम्प्यूटर कॉलेज की स्थापना की। उन्होंने वर्ष 2012 में छत्तीसगढ़ का प्रथम कम्युनिटी एफएम रेडियों स्थापित किया।



### बेटी की शादी करने पर जान से मारने की धमकी, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर में एक आदिवासी ग्रामीण को गांव में अपनी बेटी की शादी करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। धमकी से डरकर ग्रामीण के दामाद ने भी रिश्ता तोड़ दिया और शादी करने से इनकार कर दिया। अब इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। रामचंद्रपुर पुलिस के अनुसार अनिरुद्धपुर निवासी 56 वर्षीय रामस्वरूप सिंह आ. स्व. मिठू सिंह खैरवार ने अपनी बेटी की शादी समाज के युवक से तय की थी और शादी 8 मई को होने वाली थी। इस बीच 30 अप्रैल को ग्रामीण शादी की तैयारी के लिए रामचंद्रपुर जा रहा था। इसी दौरान बंधा हाई स्कूल मुख्य मार्ग के पास आशिफ अंसारी पहुंचा और गाली गलौज करते हुए ग्रामीण को रोक लिया और उसे धमकी दी कि तुम अपनी बेटी की शादी केरवाशीला में तय किए हो। यदि तुम वहां शादी करते हो तो तुम्हारा गला काटकर फेंक दूंगा और दामाद को भी मारकर फेंक दूंगा। इस घटना के बाद दहशत में आकर लकड़ा पक्ष के लोगों ने शादी करने से इनकार कर दिया जिससे ग्रामीण को अपमान झेलना पड़ रहा है और वह घटना से आहात है। ग्रामीण द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में आरोपी टिकीदिरी निवासी आसिफ अंसारी आ. सगीर अंसारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 126(2), 296, 351(3) व अज-अजजा (नृशंसता निवारण) अधिनियम, 1989 (संशोधन 2015) 3-1(आर-एस) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## पेज 1 के शेष...

### बेटे की मौत के बाद मिली 4 लाख...

को अपने झांसे में ले लिया। आरोपियों ने महिला को बताया कि ग्रामीण बैंक में उसे पैसों का ज्यादा अच्छा ब्याज नहीं मिल पाएगा। यदि महिला उन्हें पैसे देती है तो वे उसे अच्छा ब्याज देंगे और पैसे भी जल्द लौटा देंगे। आरोपियों के झांसे में आकर महिला ने आरोपियों को अपने पैसे दे दिए। आरोपी महिला को अपने साथ मार्शल वाहन में बैठाकर बैंक ले जाते और रूपए निकालते। आरोपियों ने 9 नवम्बर 2022 से 14 दिसम्बर 2022 तक महिला के खाते से अलग अलग किश्तों में 3 लाख 92 हजार 855 रूपए निकाल लिए।

### भोले भाले ग्रामीण की जमीन की...

प्रकाशन के बाद जिला और पुलिस प्रशासन हरकत में आया। इस मामले में अब एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। जांच में इस बात की पुष्टि हुई है कि दस्तावेजों में हेरफेर करने के साथ ही 16 बिंदु फार्म पर हल्का पटवारी का फर्जी हस्ताक्षर किया गया। बड़ी बात यह है कि महज 3 लाख रूपए में 5 की जगह 32 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री कर ली गई। कोतवाली पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 62, 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया था। कूटरचना कर धोखे से जमीन रजिस्ट्री कराने के मामले में आरोप की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने मामले में आरोपी अंबिकापुर निवासी शशिकांत तिवारी आ. काशीनाथ तिवारी, बलरामपुर जतरो निवासी सुनील सिंह आ. विश्राम सिंह, अरविंद किंडो आ. कलाडियूस किंडो व सेमली निवासी दीपक शर्मा आ. श्रीराम शर्मा को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो और रजिस्ट्री के संबंधित दस्तावेजों को जब्त किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

### लंबे अर्से बाद दिन में गिरा न्यूनतम पारा

# बेमौसम बारिश से सामान्य के नीचे तापमान एक सप्ताह की राहत के बाद अब बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- पिछले तीन दिनों से हो रही बेमौसम बारिश

मौसम में आए बदलाव के कारण सोमवार को आश्चर्जनक घटना हुई तथा लम्बे अर्से बाद अपराह्न तीन बजे पारा सुबह रिकॉर्ड किए गए न्यूनतम तापमान के नीचे पहुंच गया। मौसम विभाग की भाषा में इसे लोअर मिनियम नाम दिया गया है तथा ऐसा यदा कदा ही होता है।

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से पिछले एक सप्ताह से मौसम बदला हुआ है। हाल में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बड़ा बदलाव आया है। एक साथ दो द्रोणिका एवं चार चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है जिसके प्रभाव से तेज आंधी व गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि भी हुई है। मंगलवार को भी आसपास के क्षेत्रों में तेज रफ्तार आंधी चली तथा हल्की बूंदाबादी हुई। मौसम विज्ञानी अब चक्रवाती परिसंचरणों के धीरे-धीरे कमजोर पड़ने एवं बुधवार से तापमान में वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। हालाकि चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका के प्रभाव से वातावरण में पर्याप्त नमी उपलब्ध है ऐसे में स्थानीय प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। पछुआ विक्षोभ एवं अन्य मौसमी घटकों के कमजोर पड़ने के बाद एक बार फिर हवा की दिशा में बदलाव होगा साथ ही क्रमशः तापमान में वृद्धि होगी।

विक्षोभ के प्रभाव से हुई बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण दिन एवं रात का तापमान सामान्य से नीचे पहुंच गया है जिसके कारण गर्मी से काफी राहत है तथा रात में हल्की ठंड भी महसूस हो रही है। मौसम विज्ञानी पछुआ विक्षोभ एवं अन्य मौसमी घटकों के कमजोर पड़ने के बाद बुधवार से तापमान में वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 19.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है जो क्रमशः 2.5 डिग्री एवं 1.4 डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम में आए बदलाव के कारण पिछले एक सप्ताह से तापमान सामान्य से नीचे रह रहा है।



आंधी से क्षतिग्रस्त छात्रावास का शेड।

### नीचे गिरा न्यूनतम पारा

ऐसा यदा कदा ही होता है जब दिन में न्यूनतम तापमान में गिरावट हो। पिछले तीन दिनों से हो रही बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि एवं आंधी के कारण सोमवार को मौसम में अजीबोगरीब बदलाव देखा गया। सोमवार को अपराह्न 2.30 बजे ग्राम कर्जी, रेवापुर एवं आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी चली तथा गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। मौसम कार्यालय द्वारा सोमवार को सुबह 6.30 बजे न्यूनतम तापमान 21.3 एवं शाम 5.30 बजे अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री रिकार्ड किया गया था। बारिश के बाद अचानक तापमान में गिरावट हुई तथा पारा न्यूनतम तापमान में नीचे 19.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। बाद में गर्मी बढ़ी तो शाम 5.30 बजे न्यूनतम तापमान बढ़कर 25.8 डिग्री पर पहुंचा। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि मौसम विज्ञान की भाषा में इसे लोअर मिनियम कहा जाता है तथा ऐसा यदा-कदा ही होता है। लगातार बेमौसम बारिश, आंधी एवं ओलावृष्टि के कारण तापमान में गिरावट होने की ऐसी स्थिति निर्मित हुई है।

#### आंधी ने मचाई भारी तबाही

सोमवार को दोपहर 2.30 बजे तेज रफ्तार आंधी ने ग्राम करजी, रेवापुर एवं आसपास के गांवों में भारी तबाही मचाई है। मौसम विज्ञानी 60 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का अनुमान लगा रहे हैं। आंधी से घरों के छप्पर उखड़ गए है वहीं जगह-जगह पेड़ों की डंगालें टूट गई है। आंधी से विद्युत लाइन को भी काफी नुकसान हुआ है। तथा जगह-जगह के विद्युत तार क्षतिग्रस्त हो गए है। सोमवार को भैयाथान में भी तेज रफ्तार आंधी चली। आंधी से पेड़ों की डाले टूटकर विद्युत लाईन पर गिर गई जिससे 33/11 केवी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। विद्युत लाइन के क्षतिग्रस्त होने के कारण आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई है। विद्युतकर्मी क्षतिग्रस्त लाइन के सुधार के लिये जुटे हैं। आंधी से कस्तुरबा गांधी छात्रावास का शेड उखड़ गया है वहीं विद्युत कार्यालय के पास लगा टावर क्षतिग्रस्त हो गया है। आंधी से क्षेत्र में भारी क्षति हुई है।



घटना स्थल पर मौजूद लोगों की भीड़।

## खाई में गिरने से बाल बाल बची बाराती गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

शिवपुर घाट के समीप तेज रफ्तार बाराती बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पत्थर से टकराने के बाद खाई में गिरने से बाल-बाल बची। बताया जा रहा है कि चालक शराब के नशे में धुत था और वाहन काफी तेज रफ्तार से चला रहा था।

ग्रामीणों के मुताबिक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वहां बारात से लौट रही थी। ड्राइवर सहित बाराती शराब के नशे में धूप थे। वे कुछ समझ पाते इससे पहले ही ढलान में वाहन की रफ्तार और तेज हो गई जिससे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पत्थर से टकराने के बाद खाई में गिरने लगी। गनीमत था कि झाड़ियां के बीच पत्थर होने से वाहन रूक गई नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इधर घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नशे में धुत चालक तथा सवारियों की जमकर खबर ली। आपको बता दे की यह रास्ता बहुत ही खतरनाक है इससे पूर्व में भी इस स्थान पर दर्जनों एक्सीडेंट हो चुके हैं तथा दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है।



## खदान में घुसकर डकैती करने वाले फरार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर/ मानीचौक।** गायत्री भूमिगत खदान में घुसकर डकैती करने के मामले में फरार आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश कर दिया है।

गायत्री भूमिगत खदान के खान प्रबंधक संजय मिश्र ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि गायत्री भूमिगत खदान परिसर में 1 सितंबर 2020 की देर रात 1.30 बजे 10-12 लोग घुसकर भण्डार गृह स्टोर रूम में सेंध लगाकर प्रवेश कर दहशत फैलाकर सुरक्षा प्रहरियों को बंधक बनाकर भंडारगृह में रखे 15 मीटर पीवीसी केबल को चुराकर ले गए। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 395 . के तहत अपराध दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पूर्व में प्रकरण के 8 आरोपी व 1 विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक को पकड़ा गया था। प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों के विरूद्ध धारा 173(8) के तहत विवेचना जारी था। मामले में फरार आरोपी के गांव आने की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी ग्राम तुलसी लटोरी निवासी प्रताप चौधरी (57 वर्ष) व ग्राम कसकेला निवासी राजकुमार अगरिया (40 वर्ष) को 7 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में 1 आरोपी फरार चल रहा था जिसकी पतासाजी की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर फरार आरोपी ग्राम पोड़ी निवासी संजय कुमार बरगाह आ. पातर साय (27 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर डकैती करने की बात कबुल की। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एएसआई संजय सिंह यादव, आरक्षक रवि पाण्डेय, प्रदीप सोनवानी, रविराज पांण्डेय, दशरथ राम सक्रिय रहे।

## बाल विवाह के खिलाफ अब अपराध दर्ज करने की कार्रवाई

**बलरामपुर।** बाल विवाह को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। समझाइश के बाद भी बाल विवाह कराने का प्रयास करने के मामले में अब विभाग द्वारा अपराध दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बता दें कि कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर निर्देश पर बाल विवाह के रोकथाम हेतु अभियान चलाया गया है और लोगों को समझाइश दी जा रही है। इस बीच विगत तीन दिवस में 2 बाल विवाह रोके गए। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि 26 अप्रैल को विकासखण्ड बलरामपुर के गणेश मोड़ चौकी अंतर्गत ग्राम खजुरीपारामें बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम ने मौके पर जाकर परिजन को समझाईस दी गई थी लेकिन 3 मई को पुनः बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संयुक्त टीम द्वारा जांच की गई। जांच में पाया गया कि बालक के पिता प्रदीप रवि द्वारा ग्राम सिधमा, पुलिस चौकी बरियों में बाल विवाह हेतु बारात रवाना की जा चुकी थी। यह कृत्य न केवल बाल विवाह को प्रोत्साहित करना है, बल्कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 11 का स्पष्ट उल्लंघन भी है। चूंकि पहले ही समझाइश दी जा चुकी थी, इसके बावजूद कानून का उल्लंघन किया गया। इस आधार पर बाल विवाह में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

## सुशासन तिहार में आवेदनों के निराकरण से खुश होकर हितग्राहियों ने बजाई सुशासन की घंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जिले के तीन विकासखंडों में लगाए गए शिविर

मंगलवार को सुशासन तिहार के तहत विकासखण्ड बतौली के ग्राम खड़धोवा, अम्बिकापुर के ग्राम नवानगर तथा मैनपाट के ग्राम रोपाखार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में लोगों द्वारा किए गया आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी गई और शासकीय योजनाओं से अवगत कराया गया। इस दौरान ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। समाधान शिविर में लोगों को जब उनकी समस्या के निराकरण की जानकारी मिली तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा, उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए सुशासन की घंटी बजायी। लोगों ने सुशासन तिहार के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। विकासखंड बतौली के ग्राम खड़धोवा शिविर में आयीं ग्राम पंचायत भटको की रायमुनि ने बताया कि उन्होंने मत्स्य पालन विभाग से मछली जाल के लिए आवेदन किया था, उन्हें आज यहां शिविर में मछली जाल मिल गया है, उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। वहीं ग्राम खड़धोवा की किरण ने राशन कार्ड के लिए आवेदन दिया था, उन्हें शिविर स्थल में ही राशन कार्ड प्राप्त हो गया है। किरण कहतीं हैं कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशीलता से हम लोगों के समस्या का त्वरित समाधान सुशासन तिहार के माध्यम से हो रहा है, इसलिए मैं उनका बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं। वहीं अम्बिकापुर के नवानगर शिविर में आयीं अमृता बताती हैं कि उन्होंने जॉब कार्ड के लिए आवेदन दिया था। सुशासन तिहार के माध्यम से उन्हें जॉब कार्ड मिल जाने पर अमृता ने खुशी जाहिर करते हुए सुशासन की घंटी बजायी।



## उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** सकालो स्थित ब्रह्म ज्ञान विद्या मंदिर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में 30 अप्रैल को कक्षा नर्सरी से आठवीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी में श्रेया भारती, एलकेजी में त्रिसा, यूकेजी में रियांस, पहली में कृष्णा कुमार शर्मा, दूसरी में प्रिति यादव, तीसरी में आदित्य सोनी, चौथी में समीर पैका, पांचवीं में अनुष्का कांजीलाल ने पूरे संकुल में 92 फीसदी छठवीं में, संतोषी यादव, सिवानी रवी, सातवीं में ज्योति, आठवीं में अंशु ने 87 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पर रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को डायरेक्टर अविनाश सिंह चंदेल द्वारा मेडल एवं पुरस्कार वितरण किया गया। प्रधानपाठक जगदीश प्रसाद, कक्षा शिक्षक पूनम सिंह, रूपा, सुमन, गीता, होलिका, बबली, माधुरी ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।



### बाइक से गिरकर महिला की मौत, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** कैटरिंग का काम करने जा रही महिला की बाइक से गिरकर मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। राजपुर पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम कोटागहना बांधपारा निवासी मंगरी अपने साथियों श्रीमती बासो, धनेश्वर, समेत चार लोग दो अलग अलग बाइक में बैठकर 4 मई को कैटरिंग का काम करने के लिए ग्राम नरसिंहपुर जा रहे थे। जिस बाइक क्रमांक सीजी 30 जी 3692 में धनेश्वरी और मंगरी बैठे थे उसे मिस्त्री राम साय चला रहा था। जबकि उसके पीछे की बाइक में बासो अपनी एक अन्य महिला व मिस्त्री रूबीन के साथ आ रही थी। इस दौरान हरीतिमा मोड़ के पास रामसाय ने बाइक से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार बाइक सड़क पर गिर गई। इस घटना में धनेश्वरी और मंगरी को गंभीर चोट आई थी। महिलाओं द्वारा घायल महिला को उपचार के लिए सीएचसी राजपुर में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान मंगरी की मौत हो गई। इस मामले में मर्ग जांच के बाद पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1), 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## मालगाड़ी से कटकर महिला की मौत, नहीं हुई पहचान

**रामानुजनगर।** ग्राम कौशलपुर में 56 नंबर रेल्वे ओवर ब्रिज के समीप एक अज्ञात महिला का मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे कटने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला की उम्र लगभग 23 से 25 वर्ष बताई जा रही है। घटना की सूचना रामानुजनगर थाने को दी गई जहां पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जांच में जुट गई है। पुलिस ने आसपास के लोगों से महिला की शिनाख्त कराई लेकिन किसी ने महिला को नहीं पहचान सके। अंदेशा लगाया जा रहा है कि महिला रामानुजनगर साप्ताहिक बाजार आ रही होगी तभी माल गाड़ी की चपेट में आ गई होगी। घटना लगभग 3 से 4 बजे के बीच की बताई जा रही है। महिला की पहचान नहीं होने से पुलिस ने लाख को पहचान के लिए रामानुजनगर अस्पताल के मरचुरी में रखा है।



## अंग्रेजी शराब की तस्करी, दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अवैध शराब बिक्री के मामले में बलरामपुर जिले की त्रिकुंडा के डिंडो चौकी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 5 मई को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर डिंडो मस्जिद रोड के पास घेराबंदी कर कुर्लूडीह की तरह से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 ईई 3036 को रोककर वहां की तलाशी ली गई। इस दौरान दो कार्टून में स्पेशल ब्लेंड विस्की 1नग, मैकडॉवेल अंग्रेजी शराब 40 नग, किंग फिशर बियर 13 नग कुल 14 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है जिसकी कीमत 8 हजार 170 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में झारखंड के धुरकी अंतर्गत ग्राम सगमा निवासी 27 वर्षीय रणजीत कुमार यादव आ. उपेन्द्र यादव व बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम गाजर निवासी 24 वर्षीय पप्पु यादव आ. दया शंकर यादव को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना अंग्रेजी शराब, बाइक को जब्त किया है। इस कार्रवाई में उनि गजपति, सउनि जुनास केरकेट्टा, आरक्षक शिव नारायण, नंदलाल गोस्वामी, तेजू राम, अशोक कुजूर, भीम एवं चौकी डिंडो के पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

online Booking:-www.tripuryatra.com



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411